हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 27 जुलाई 2025

06 जिला सीहोर के तहत न्यायालय को इंदौर हाईकोर्ट से ...




09 भूमिपूजन के बाद भी सड़क नहीं बनी तो शिलान्यास...






## खबर संक्षेप

### नशामुक्ति जन जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**सीहोर**। नशामुक्त भारत अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा सीहोर स्थित पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में नशा मुक्ति जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशें से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई और नशे से स्वयं एवं अपने समुदाय को बचाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही नशा मुक्ति हेल्पलाइन नंबर 14446 के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर सभी को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में सीएसपी सुश्री अभिनंदना शर्मा, तंबाकू नोडल अधिकारी डॉ नेहा सिंह, प्राचार्य रोहिताश्व कुमार शर्मा सहित अन्य अधिकारी, शिक्षकगण और विद्यार्थी उपस्थित थे।

### शैक्षिक ओलंपियाड विद्यार्थी 30 तक ऑनलाइन पंजीयन

**सीहोर**। शासकीय प्राथमिक माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 2 से 8 के विद्यार्थियों को प्रदेश, देश और विश्व के सांस्कृतिक, भौगोलिक ऐतिहासिक परिदृश्य, समसामयिक सामान्य ज्ञान तथा हिन्दी, इंग्लिश, विज्ञान और गणित विषयों से जोड़ने के लिये मंच क्विज प्रतियोगिता ओलंपियाड का आयोजन इस वर्ष दो चरणों में जन शिक्षा केन्द्र और जिलास्तर पर किया जा रहा है। इस वर्ष जन शिक्षा केन्द्र स्तरीय आयोजन सितंबर और जिला स्तरीय आयोजन नवंबर माह में होगा। ओलंपियाड में सहभागिता के लिये विद्यार्थी शिक्षकों के सहयोग से ऑनलाइन पंजीयन rskmp पोर्टल पर 30 जुलाई तक कर सकेंगे।

### खेल पुरस्कार 2025 के लिए 31 तक आवेदन आमंत्रित किए

**सीहोर**। खेल पुरस्कार-2025 (एकलव्य, विक्रम, विश्वामित्र, प्रभाषजोशी एवं लाईफटाईम एचीवमेंट पुरस्कार) हेत ऑनलाईन आवेदन 31 जुलाई, 2025 तक आमंत्रित किये गए है। पुरस्कार खेल और युवा कल्याण विभाग, म.प्र. शासन के नवीन ₹पुरस्कार नियम-2021' के अनुसार विगत 05 वर्षों (01 अप्रैल 2020 से 31 मार्च, 2025) में अर्जित खेल उपलब्धियों के आधार पर प्रदान किये जाएगे।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार योजना के तहत पंजीयन प्रारंभ

**सीहोर**। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार योजना तहत बहादुरी, सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला-संस्कृति तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में विशेष योगदान देने वाले बच्चों के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ हो गए हैं। जिसकी अंतिम तिथि 15 अगस्त 2025 है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार देशभर के 05 से 18 वर्ष तक की आयु तक के उन बच्चों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियां हासिल की हैं।

# सीहोर तहसील में पदस्थ प्रभारी तहसीलदार की हठधर्मिता कोर्ट के आदेश के बाद भी नहीं किया जमीन का सीमांकन

## राजस्व मंत्री के गृह जिले में नाफरमान तहसीलदार, कोर्ट के आदेश को दिखाया ठेंगा, तहसीलदार को जारी हुआ जमानती वारंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा के गृह जिले सीहोर की सीहोर तहसील में पदस्थ तहसीलदार की नाफरमानी सामने आई है। तहसीलदार द्वारा कोर्ट के आदेश को भी हवाहवाई कर दिया गया। इसको लेकर न्यायालय ने सख्त रूख अपनाते हुए तहसीलदार को जमानती वारंट जारी करते हुए उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। मामला जिले की शेरपुर स्थित एक जमीन के सीमाकंन से जुड़ा है।

जानकारी के अनुसार व्यवहार वाद क्रमांक 105ए/2022 विकास राठौर विरूद्ध राकेश राठौर में वादी के आधिपत्य एवं स्वामित्व की भूमि सर्वे क्रमांक 24/8 रकबा 0.1620 हेक्टेयर एवं प्रतिवादी राकेश राठौर के स्वत्व की भूमि सर्वे नंबर 22/2/3, 22/1/1, 24/1 एवं 21/1 कुल रकबा 1.95 एकड़ एवं सिविल वाद क्रमांक 106ए/22 राजेंद्र राठौर व सुनीता आदी में वादी की भूमि खसरा नंबर 24/7 रकबा 0.0730 ग्राम शेरपुर तहसील व जिला सीहोर में है। इस जमीन को लेकर सीमाकंन का आवेदन किया गया था, लेकिन समय पर सीमांकन नहीं हुआ। लंबे समय तक मामला अटका रहा। इसके बाद मामले में अपील की गई एवं कोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया। माननीय न्यायालय ने इस मामले में सुनवाई करते हुए आदेश में कहा था कि आपके अधीनस्थ सक्षम अधिकारी को कमिश्नर नियुक्त कर 27 मई 2024 के पूर्व रिट ऑफ कमीशन प्राप्त कर, पक्षकारों को सूचना देकर मौके पर पहुंचकर सीमांकन कर सहमति नक्शा तैयार कर प्रतिवेदन




न्यायालय में प्रस्तुत किया जाए। इसके बावजूद तहसीलदार भारत नायक ने न्यायालय के आदेश का पालन नहीं किया। अब न्यायालय ने उनके विरुद्ध जमानती वारंट जारी कर दिया है एवं तलब करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिए गए हैं कि प्रकरण सीमांकन कार्यवाही दिनांक 30 जुलाई 2025 को प्रस्तुत की जाए। समय पर सीमांकन नहीं कराने पर प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश दीपेंद्र मालू ने आदेश जारी करते हुए तहसीलदार को 30 जनवरी तक सीमांकन कार्रवाई का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। मामला राखी सिकरवार द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड सीहोर द्वारा लंबित रिट ऑफ कमीशन के तहत दो सिविल प्रकरणों से जुड़ा है।

**कलेक्टर को भी भेजी थी पत्र की प्रति:** कोर्ट द्वारा भेजे गए पत्र की एक प्रति कलेक्टर कार्यालय को भी भेजी गई थी, लेकिन इसके बाद भी मामले में कार्रवाई नहीं की गई। एक तरफ कलेक्टर लगातार राजस्व अमले की बैठकें लेकर उन्हें निर्देश दे रहे हैं कि पेंडिंग मामलों को जल्द से जल्द निपटाया जाए। सीमांकन, बंटाकन सहित अन्य कार्यों को समय पर किया जाए। पिछले दिनों भी कलेक्टर बालागुरू के ने जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार की बैठक ली थी एवं दिशा-निर्देश दिए थे। इसके बाद भी स्थिति नियंत्रण में नहीं है। सीहोर जिले में लगातार जमीनों से जुड़े विवाद सामने आ रहे हैं। इन विवादों के कारण कई बार लोगों की जानें भी चली गईं हैं। आए दिन जमीनों के विवादों में पुलिस थानों में एफआईआर दर्ज हो रही हैं। इसके बाद भी मामलों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।

### जमीन का सीमांकन कराया जाएगा

शेरपुर की जमीन के सीमांकन से जुड़ा मामला माननीय न्यायालय में विचाराधीन है। संबंधित जमीन में बंटान नहीं होने के कारण नक्शे बनाने में परेशानी आ रही है। बटान में भी रकबा बड़ा हुआ आ रहा है। अभी उस जमीन का बटान बना रहे हैं उसके बाद आगे की प्रक्रिया की जाएगी। इस संबंध में फाइल एसडीएम के पास भी है। माननीय न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है एवं नियम, प्रक्रिया के तहत जल्द ही जमीन का सीमाकंन कराया जाएगा।

**भारत नायक**, तहसीलदार, तहसील सीहोर

## जिले में करीब 200 स्कूल भवन जर्जर हालत में

# राजस्थान जैसी घटना के इंतजार में शिक्षा विभाग !

जिले में कई स्कूल भवन खस्ताहाल हो चुके हैं। कहीं प्लास्ट गिर रहा है तो कहीं दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ चुकी हैं। कई जगह छतों से सरिए बाहर निकल आए हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हरिभूमि पड़ताल

राजस्थान के झालावाड़ जिले के पिपलोदी गांव में स्कूल की छत गिरने से सात मासूमों की दर्दनाक मौत ने पूरे देश को झकझोर दिया है। लेकिन इस हादसे के बावजूद सीहोर जिले के शिक्षा विभाग की नींद अब तक नहीं खुली है। जिले में करीब 150 से 200 स्कूल ऐसे हैं जो खस्ताहाल और जर्जर स्थिति में हैं, जहां किसी भी वक्त हादसा हो सकता है। बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

जिले में दर्जनों स्कूलों की छतें चटक चुकी हैं, दीवारों से प्लास्टर झड़ रहा है, कई भवनों में सरिए बाहर निकल आए हैं। इन हालातों में बच्चे जान जोखिम में डालकर पढ़ाई कर रहे हैं। स्कूलों के शिक्षक कई बार इन समस्याओं की शिकायत संबंधित विभाग और परिषद अधिकारियों से कर चुके हैं, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन ही मिला है। वहीं, बच्चे और अभिभावक भय के साए में जीने को मजबूर हैं।

### भय के साए में शिक्षा

इन सभी स्कूलों में बच्चे जान हथेली पर रखकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। अभिभावक अपने बच्चों को हर दिन भेजने से डरते हैं, लेकिन मजबूरीवश उन्हें पढ़ाई के लिए स्कूल भेजना पड़ता है। वहीं, शिक्षक भी डर और तनाव में काम कर रहे हैं।

### प्रशासन की निष्क्रियता सवालों के घेरे में

राजस्थान की घटना के बाद जहां अन्य राज्यों ने स्कूल भवनों की स्थिति की समीक्षा शुरू कर दी है, वहीं सीहोर में प्रशासन और शिक्षा विभाग अब भी मौन है। भवनों के रखरखाव, मरम्मत और पुनर्निर्माण को लेकर कोई सक्रिय योजना नजर नहीं आ रही है।

### 1. प्राथमिक शाला, दशहरा वाला, सीहोर



यहां स्कूल भवन के आस-पास गंदगी का अंबार है और भवन खुद भी जर्जर स्थिति में है। बच्चों को हमेशा जहरीले जीव-जंतुओं से खतरा बना रहता है। शिक्षकों का कहना है कि दो-तीन बार आवेदन दिए जा चुके हैं, लेकिन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। यहां 29 बच्चे और 2 शिक्षक हैं।

### 2. हाई सेकेंडरी स्कूल, निम्नागांव



यहां स्कूल भवन के आस-पास गंदगी का अंबार है और भवन खुद भी जर्जर स्थिति में है। बच्चों को हमेशा जहरीले जीव-जंतुओं से खतरा बना रहता है। शिक्षकों का कहना है कि दो-तीन बार आवेदन दिए जा चुके हैं, लेकिन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। यहां 29 बच्चे और 2 शिक्षक हैं।

## कहीं भरभराकर न गिर जाए यह जर्जर स्कूल भवन की छत



**सीहोर**। इछावर तहसील के तहत आने वाले लसूड़ियाकांगर प्राथमिक शाला भवन की छत इस तरह जर्जर हो चुकी है।

### 3. शासकीय प्राथमिक शाला लसूड़िया कांगर, इछावर



यहां स्कूल भवन की छत से सरिए बाहर झांक रहे हैं और बारिश के दिनों में पानी टपकता है। बच्चे टपकती छत के नीचे बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। स्कूल में कुल 70 बच्चे हैं और तीन शिक्षक कार्यरत हैं। शिक्षकों ने कई बार विभाग को सूचित किया, लेकिन नतीजा शून्य रहा।

### 4. कमला नेहरू माध्यमिक शाला, सीहोर



यह स्कूल टीन की चद्दरों से बना है, जो हर बारिश में पानी टपकाने लगती हैं। बचाव के लिए शिक्षक और स्टाफ चद्दरों पर पॉलिथीन बिछाते हैं। स्कूल में 37 छात्र और 3 शिक्षक हैं, लेकिन सुविधाओं के नाम पर केवल इंतजार और लाचारी है।

### अब बड़ा सवाल यह है कि क्या सीहोर को भी किसी बड़े हादसे का इंतजार है?

यदि जल्द ही जिम्मेदारों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया, तो आने वाले समय में राजस्थान जैसी त्रासदी यहां भी घट सकती है। जरूरत है कि जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग तुरंत सर्वे कराकर खतरनाक भवनों को खाली कराए और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए त्वरित मरम्मत कार्य शुरू करे। बच्चों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता। शिक्षा का अधिकार तभी सार्थक होगा जब वह सुरक्षित वातावरण में मिले।

### दिया जाएगा पर्याप्त पानी

माध्यमिक क्षेत्र के 93 स्कूल खस्ताहाल है जिनके मरम्मत की कार्य चल रहा है। इसी प्रकार हाई सेकेंडरी स्तर के स्कूल जिला शिक्षा अधिकारी देखते हैं यहां 3.50 लख रुपए मरमत के लिए शासन द्वारा उपलब्ध कराए जाते हैं। कलेक्टर बाला गुरु के ने राजस्थान की घटना को लेकर खस्ताहाल और जर्जर स्कूलों में स्कूल नहीं लगाने के निर्देश दिए हैं। खस्ता हाल और जर्जर भावनाओं के स्कूल अतिरिक्त भवनों में लगाने का आदेश दिए गए हैं।

**आरआर उईके**, डीपीसी

## पुलिस ने तीन दिन की मेहनत के बाद सतना और पिपरिया से पकड़ा

# एचडीएफसी के पूर्व कर्मचारी का कारनामा ग्राहक को 10 लाख का कर्जदार बनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

एचडीएफसी बैंक में ग्राहक के साथ 10 लाख का फ्राड का मामला सामने आया है। बैंक के एक पूर्व कर्मचारी ने ग्राहक को भरोसे में लेकर यह पूरा षड़यंत्र रचा। कोतवाली पुलिस ने इस पूरे मामले को सुलझाते हुए दो आरोपियों को सतना और पिपरिया से गिरफ्तार किया है। शनिवार को कोर्ट ने दोनों आरोपियों को तीन दिन की रिमांड पर भेज दिया है। आरोपियों ने ग्राहक को कर्जदार बनाकर अपनी लाईफ स्टाईल बदल ली थी। कभी हवाई यात्रा कर रहे थे तो कभी शेयर मार्केट में पैसा लगा रहे थे। दरअसल गंगा आश्रम स्थित एचडीएफसी बैंक में एक ग्राहक को खाता खुलवाना भारी पड़ गया। बैंक के पूर्व कर्मचारी मनोज पटले ने ग्राहक को भरोसे में लेकर उसके कागजात का गलत उपयोग करते हुए एक क्रेडिट कार्ड बनवा लिया। इस कार्ड को आरोपी अपने पास रखता था। ग्राहक को इसकी खबर न लगे, इसलिए उसने अपने एक करीबी दोस्त सतना निवासी भरत प्रताप सिंह का मोबाईल नंबर खाते में दर्ज करवा दिया। ताकि कोई भी मैसेज असली उपभोक्ता तक न पहुंचे। दोनों आरोपी बीते पांच सालों से क्रेडिट कार्ड से राशि निकालकर शेयर मार्केट में लगा रहे थे। वहीं लोगों को ब्याज पर भी रूपए देते थे। हाल ही में जब एक नोटिस उपभोक्ता के घर पहुंचा तो ग्राहक मो. इब्राहिम कुरैशी के होश खड़े हुए। उन्होंने तुरंत गंगा आश्रम स्थित एचएडीएफसी बैंक से संपर्क किया। बैंक ने बताया कि यह कार्ड आपके नाम पर ही जारी हुआ है। तब उन्होंने इस मामले की शिकायत थाना कोतवाली में की। थाना प्रभारी रविन्द्र यादव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एक टीम बनाई, जिसमें सायबर सेल के एक्सपर्ट रखे गए। दो दिन में टीम ने पूरे मामले की ऑनलाईन डिटेल्स निकालकर एफआईआर दर्ज की, फिर आरोपियों को तीन दिन में अलग-अलग शहरों से तलाश लिया। शनिवार को सीजीएम की कोर्ट में आरोपियों को पेश किया गया, जहां कोर्ट ने तीन दिन की रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया है। बताया जाता है कि आरोपी लंबे समय से कार्ड से रुपए निकालकर ऐश की जिंदगी बिता रहे थे। कोतवाली टीआई रविंद्र यादव ने बताया कि फर्जीवाड़ा करने वाले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया गया है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

# चिंतामन गणेश मंदिर में बवाल, धारदार हथियार से पुजारी को धमकाने का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

**सीहोर**। जिले के प्रसिद्ध चिंतामन गणेश मंदिर में शनिवार को बवाल हो गया। एक व्यक्ति ने मंदिर के पुजारी को गाली गलौच करने के साथ धारदार हथियार से धमकाने का प्रयास किया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले ने कांग्रेस ने भी प्रदेश की मोहन यादव सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में रिश्तेदारी राज नहीं चलेगा।

जानकारी के अनुसार महेश यादव नामक व्यक्ति धारदार हथियार लेकर गणेश मंदिर के अंदर पहुंचा, जहां पुजारी पृथ्वीवल्लभ दुबे के पुत्र जय दुबे को धारदार हथियार से धमकाने का प्रयास किया गया। वायरल वीडियो में अपशब्दों का प्रयोग भी किया रहा है। इस दौरान काले कपड़े पहने एक व्यक्ति ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, जिसे हमलावर ने दो बार दूर धकेला। महेश यादव ने पुजारी को डराने के लिए बका भी उठाया।

**कांग्रेस ने साधा निशाना, रिश्तेदारी राज का लगाया आरोप :** इस घटना को लेकर कांग्रेस ने मोहन सरकार पर निशाना साधा है। पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल ने सोशल मीडिया (फेसबुक) पर लिखा कि हमलावर महेश यादव खुद को मुख्यमंत्री मोहन यादव का रिश्तेदार बताता है। क्या अब मंदिर भी सुरक्षित नहीं, क्या मुख्यमंत्री के नाम पर अपराधियों को खुली छूट है, क्या अब अपराधियों के लिए रिश्तेदारी ही कानून बन गई है। उन्होंने इसे मोहन सरकार का जंगलराज बताते हुए कहा कि ये रिश्तेदारी राज नहीं चलेगाए और आरोप लगाया कि सत्ता से नजदीकी के चलते अपराधी कानून से ऊपर हो गए हैं। मण्डी थाना पुलिस ने पुजारी जयेंद्र से प्राप्त आवेदन के आधार पर त्वरित कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी महेश यादव के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 396, 351(2) और शस्त्र अधिनियम की धारा 25 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। नगर निरीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा ने बताया कि मामले की आगे की जांच जारी है।

**खबर संक्षेप**

### 299 बच्चों का किया गया टीकाकरण

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। जिले में 25 जुलाई को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 230 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 69 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 37 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर बच्चों के टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है।

### जिले में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है उर्वरक

**सीहोर।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार हरदा रेक पाइंट पर यूरिया की रेक लगी हुई है जिसमें भंडारण केन्द्र भैरूंदा द्वारा मांग अनुसार उर्वरक दिया जायेगा। विभाग के उप संचालक अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि जिले में 108 सेवा सहकारी समिति है। जिनकी मांग अनुसार समितियों को आरओ तथा डीडी लेकर उर्वरक दिया जा रहा है।

## सीहोर जिले के नागरिकों को अभी भी जाना पड़ता है जबलपुर हाईकोर्ट

# जिला सीहोर के तहत न्यायालय को इंदौर हाईकोर्ट से जोड़ने की मांग

बीना, सागर, दमोह, जबलपुर से 400 किमी है एवं बाया, भोपाल, होशंगाबाद, नर्सिंगपुर, गाडरवाड़ा, जबलपुर की दूरी 350 किमी है तो वहीं सीहोर से इन्दौर हाईकोर्ट खण्डपीठ की दूरी मात्र 150 किमी पर स्थित है।




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के कलेक्टर के.बालागुरु के प्रतिनिधि संयुक्त कलेक्टर आनन्द रजावत को ज्ञापन सौंपते हुए पूर्व पार्षद नरेन्द्र खंगराले ने बताया कि सीहोर जिले की जनता कई वर्षों से सीहोर जिले के न्यायालय को इन्दौर हाईकोर्ट खण्ड पीठ से जोडऩे की मांग कर रही है। उक्त संबंध में ज्ञापन कलेक्टर के द्वारा देश के मुख्य न्यायाधीश न्याय मूर्ति भुषण राम गवई जबलपुर हाईकोर्ट के न्याय मुर्ति संजीव सचदेवा, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, पूर्व मुख्य मंत्री तथा राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

इस अवसर पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री डॉ.अनीस खान व अनुसूचित जाति कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सीताराम भारती, जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर, जिला कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता पंकज शर्मा ने बताया कि सीहोर जिले के नागरिक जिले की मुख्य समस्या सीहोर जिले के न्यायालय को इनदौर हाईकोर्ट खण्ड पीठ से जोडऩे की मांग प्रमुखता से करते हैं। वर्तमान जिला सीहोर जबलपुर हाईकोर्ट क्षेत्र के अन्तर्गत आता है। जिसकी दूरी बीना, सागर, दमोह, जबलपुर से 400 किमी है एवं बाया, भोपाल, होशंगाबाद, नर्सिंगपुर, गाडरवाड़ा, जबलपुर की दूरी 350 किमी है तो वहीं सीहोर से इन्दौर हाईकोर्ट खण्डपीठ की दूरी मात्र 150 किमी पर स्थित है।

दुर्भाग्य से सीहोर जिले के नागरिकों को अभी भी जबलपुर ही जाना पड़ता है। यह दूरी कागज पर ही नही आमजन की जेब और समय तथा धेर्य की परीक्षा बन चुकी है, जो न्यायालय से पीड़ित व वकील के साथ ही आमजन की भारी समस्या है, अगर शीघ्र ही सीहोर न्यायालय को इन्दौर हाईकोर्ट की खण्डपीठ से नही जोड़ा गया तो सीहोर जिले की जनता सडक़ों पर उतर कर आन्दोलन करने पर मजबूर होगी। ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वालों में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती, पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कैलाश परमार, डॉ.बलवीर सिंह तोमर, सीहोर शहर ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष निशांत वर्मा, जिला बार ऐसासिएशन के अध्यक्ष राधेश्याम यादव, राम नारायण ताम्रकार, मुकेश ठाकुर, एडवोकेट राजीव मिश्रा, प्रदीप पहलवान, महेश दयाल चौरसिया, पार्षद आरती खंगराले, सुभाष चौहान, शरद जोशी, राजेन्द्र कुशवाह, नायाब खान, पूर्व ममता शर्मा, घनश्याम जाटव, दीपक सोनकर आदि शामिल हैं।

## आज निकाली जाएगी कुबेरेश्वरधाम परिवार की ओर से भव्य कांवड़ यात्रा



**सीहोर।** इस साल भी आगामी छह अगस्त को प्रदोष काल में निकाली जाने वाली भव्य और ऐतिहासिक कांवड यात्रा की तैयारियां तेजी से चल रही है, वहीं विठलेश सेवा की नगर इकाई के पश्चात रविवार की सुबह सात बजे शहर के सीवन नदी के तट से कुबेरेश्वरधाम परिवार के तत्वाधान में बड़ी संख्या में पंडित विनय मिश्रा और विठलेश सेवा समिति के व्यवस्थापक पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य मौजूद रहेंगे। कावड यात्रा के दौरान धाम के आस-पास के ग्रामीण और जनप्रतिनिधि और समाजसेवी भी शामिल रहेंगे।

विठलेश सेवा समिति की ओर से मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के आह्वान पर पूरे देश के कांवड यात्री के अलावा हजारों की संख्या में श्रद्धालु शहर से कुबेरेश्वरधाम तक आस्था और उत्साह के साथ बम-बम-बोल के जयकारे के साथ पहुंच रहे और यहां पर भगवान शिव का अभिषेक कर रहे है। कांवड लेकर जाने वालों के लिए आधा दर्जन से अधिक सेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें दिन रात सेवादार श्रद्धालुओं को खिचड़ी, चाय, नाश्ते, भोजन, बिस्कुट, फल, फलहार और पानी की बोतल और पाउच देकर रवाना कर रहे है। शहर में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। जिसके कारण शहर सहित आस-पास चहल-पहल नजर आ रही है। दूर दराज के क्षेत्रों के श्रद्धालु कांवड़ियों की भीड़ सीवन घाट पर देखने को मिल रही है। कांवड़ियों ने सुबह से ही कांवड़ उठाने का क्रम शुरू कर देते है। घाट पर ही कांवड़ सजाने के साथ कांवड़यि अपने ईष्ट के लिए विधि विधान पूर्वक पूजा-पाठ कर रहे हैं। इसके बाद भगवान भोलेनाथ का नाम लेकर घाट से कांवड़ उठा रहे हैं और बम-बम भोले के जयकारे के साथ भगवान की भक्ति में लीन होकर अपने गंतव्य को रवाना हो रहे हैं। करीब 11 किलोमीटर दूर पहुंचकर बाबा कुबेरेश्वरधाम पर पूरी आस्था और विश्वास के साथ दिव्य अनुष्ठान करते है।

## महाकाल की तर्ज पर होगी यात्रा, सोमवार को निकाली जाएगी भव्य शिव पालकी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



इस साल भी सिद्धेश्वर महादेव मंदिर समिति के तत्वावधान में निकाली जाने वाली शिव पालकी यात्रा इस वर्ष आस्था और उत्साह के साथ महाकाल की तर्ज पर निकाली जाएगी। समिति की बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक के दौरान सर्व सम्मति से कथा वाचक पंडित मोहितराम पाठक को अध्यक्ष बनाया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए शिव पालकी की यात्रा समिति के संस्थापक किशोर कौशल ने जानकारी देते हुए बताया कि गत दिनों आयोजित बैठक के दौरान उन्होंने बताया कि सोमवार को सिद्धपुर के पावन धरा पर होने अलौकिक मिलन में बाबा कुबेरेश्वर, बाबा केदारेश्वर और बाबा सिद्धेश्वर का संगम होगा। इस दौरान मां श्रिपा, नर्मदा जल, महाकाल भस्म का वितरण किया जाएगा। इस मौके पर गुरुकुल के बटुकों का स्वस्ति वाचन आरती के साथ किया जाएगा। सुबह ग्यारह बजे नगर के कोतवाली चौराहे से बैंड-बाजे और डीजे, झांकियों के साथ पालकी निकाली जाएगी। श्रावणमास के तृतीय सोमवार 28 जुलाई को भगवान भोलेनाथ की पालकी यात्रा बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ निकाली जाऐगी जिसके लिए समिति के सदस्यण युद्वस्तर पर तैयारी में जुटे है। आयोजन समिति के संस्थापक किशोर कौशल ने बताया कि सावन मास के तृतीय सोमवार को नगर शिवमय होग शिव भक्त जहां शिव पालकी यात्रा में शमिल होकर जमकर झूमेगे वही सावन के तीसरे सोमवार नगर के शिवालयों में दिन भर अभिषेक और दर्शनो के लिए शिव भक्तों का तांता लगा रहेगा सुबह ग्यारह बजे कोतवाली चौराहा स्थित श्री सिद्वेश्रवर महादेव मंदिर से पालकी यात्रा शुरू होगी जो नगर के प्रमुख मार्गा से होती हुई मनकामेश्रवर महादेव मंदिर बावडी पहुंचेगी यहां महाआरती का आयोजन किया गया है आयोजन समिति ने शहर की सभी धर्म प्रेमी बंधुओं एवं शिव भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने कि अपील की है।

## भैरुंदा पुलिस ने दुष्कर्म के फरार आरोपी को इंदौर से किया गिरफ्तार



**भैरुंदा।** 18 जुलाई 2025 को फरियादीया द्वारा रिपोर्ट कि ये पिछले 2 वर्षों से शुभम बागवान पिता मोहन बागवान निवासी इंदौर को जानती थी इंस्टाग्राम के माध्यम से पहचान हुई थी करीबन 2 माह पूर्व आरोपी द्वारा फरियादियां से मिलने के बहाने भैरुंदा लेकर आया और नशीला पदार्थ पिला कर उसके साथ दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया जिसके पश्चात फरियादिया पर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मिलने की कहने लगा। फरियादीया की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 401/25 धारा 64,123,308(2) बीएनएस, 67(A) आईटी एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिया गया ।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत एवं एसडीओपी रोशन जैन के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरी घनश्याम दांगी द्वारा टीम बनाकर तकनीकी जानकारी प्राप्त कर आरोपी की तलाश में इंदौर भेजी जहाँ आरोपी शुभम बागवान पिता मोहन बागवान उम्र 28 साल निवासी दूधिया इंदौर को तलाश कर अभिरक्षा में लेकर थाना भैरूंदा आए। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल जप्त किए जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया। जहां से आरोपी को जेल दाखिल कराया गया।

## प्रकृति को बचाना है तो पेड़ अवश्य लगाना है : पारुल उपाध्याय



**इछावर।** इछावर-मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् विकास खंड इछावर के तत्वावधान में ग्राम विकास नवांकुर संस्था बागनखेड़ा द्वारा नवांकुर सखी_हरियाली यात्रा के तहत ग्राम बांगनखेड़ा में हरियाली यात्रा निकाल कर सभा का आयोजन रखा गया जिसमें मुख्य अतिथि इछावर थाना प्रभारी पंकज वाडेकर जिला समन्वयक मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद पारुल उपाध्याय , भाजपा मंडल अध्यक्ष सोबाल सिंह ठाकुर जी जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि शंकर जायसवाल रहे। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं स्वागत विकास खंड समन्वयक बीलू भीलवारे द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई मुख्य अतिथि थाना प्रभारी पंकज वाडेकर द्वारा प्रकृति संरक्षण एवं नशा मुक्ति अभियान पर चर्चा कर नशा ना करने एवं परिवार में किसी को ना करने देने की शफत दिलाई । जिला समन्वयक पारुल उपाध्याय ने बताया कि प्रकृति का संरक्षण करना बहुत जरूरी हे और प्रकृति संरक्षण के लिए पौधा लगाना और उन्हें बड़ा करना भी बेहद खास हे उसी उद्देश्य से प्रदेश भर मे मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा नवांकुर सखी हरियाली यात्रा निकली जा रहे हे वहीं विकासखंड इछावर के सेक्टर दिवड़ीया के ग्राम बागनखेड़ा में नवांकुर संस्था बागनखेड़ा द्वारा आज इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है नवांकुर सखी योजना में स्वैच्छिकता के आधार पर महिलाओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं पौधारोपण किया जाना हे नवांकुर सखी कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा प्रदेश भर में चल रहा हे जिसमें नवांकुर सखियों को स्वैच्छिकता के आधार पर 11- 11 पौधे दिए जा रहे है। उन पौधे की देख भाल सभी महिलाएं एक पुत्र के समान करेगी और पर्यावरण को हरा भरा करने में सहयोग करेगी आने वाले समय में नवांकुर सखी को स्व रोजगार एवं अन्य गतिविधियों में भी जोड़ा जाएगा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चलाया गया ये अभियान घर घर पहुंच रहा हे कार्यक्रम सभा में मंडल अध्यक्ष सोबाल सिंह ठाकुर, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि शंकर जैसवाल , ने भी सभा को उद्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश परमार द्वारा एवं आभार नवांकुर के अध्यक्ष कार्यक्रम के आयोजक राजपाल परमार द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम की 100 से अधिक नवांकुर सखिया वरिष्ठ ग्रामीण जन सहित इछावर से सेवा निवृत्त वरिष्ठ अध्यापक मोहनलाल तिवारी नवांकुर संस्था से ओमप्रकाश मेवाड़ा, दिनेश वर्मा राजकुमार, रामस्वरूप, मानसिंह, जीवन, मोहन, आशा बाई, बाबूलाल, भोपाल सिंह नवांकुर संस्था के सदस्य, रामकृष्ण, हेमलता परमार, कपिल, राजाराम पटेल सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## बरसात में डेंगू-मलेरिया का खतरा: 65 गांव चिह्नित किए, स्टाफ की कमी से जूझ रहा मलेरिया विभाग



**सीहोर।** जिले में बरसात की शुरुआत के साथ ही जिले में डेंगू और मलेरिया के मामले सामने आने लगे हैं। जिले के 65 गांवों में इन बीमारियों का इतिहास रहा है। मलेरिया विभाग में स्टाफ की कमी से काम प्रभावित हो रहा है। जानकारी के अनुसार विभाग में नौ स्वीकृत पदों में से तीन खाली पड़े हैं। जिला मुख्यालय पर सहायक मलेरिया अधिकारी का पद और भेरुंदा ब्लॉक व शहरी क्षेत्र में मलेरिया इंस्पेक्टर के पद कई सालों से रिक्त हैं। 16 लाख की आबादी वाले जिले में अब तक डेंगू के पांच, मलेरिया के पांच और चिकनगुनिया के चार मामले सामने आए हैं। पिछले साल डेंगू के 144 मामले मिले थे। भेरूंदा ब्लॉक के बोरखेड़ा कला, गोपालपुर, निम्रागांव, लाडकुई, चकल्दी, छिदगांव, मौजी, छिदगांव काछी, सेमलपानी और सेमलीजदीद में इन बीमारियों का खतरा ज्यादा है। जिला मलेरिया अधिकारी क्षमा बर्वे ने बताया कि टीम लगातार गांवों का सर्वे कर रही है। लार्वा मिलने पर उसे नष्ट किया जा रहा है और संभावित गांवों के सैंपल लिए जा रहे हैं। लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है।

## बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण थीम पर बनाई मनमोहक पेंटिंग



**इछावर।** शनिवार को गांव ब्रिजीशनगर स्थित ड्रीम्स वर्ल्ड स्कूल में पर्यावरण जागरूकता के तहत, ग्रीन डे सेलिब्रेट कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमे स्कूल के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पेड़ , की पत्तियों के माध्यम से बड़ी ही मनमोहक पेंटिंग बनाई । साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। आयोजित कार्यक्रम में

ग्रीन डे सेलिब्रेट करते हुए बच्चो ने टीचर्स के मार्गदर्शन में पेड़-पौधे की पत्तियो व फूलो से सुन्दर मनमोहिन पेंटिंग बनाई। पेंटिंग्स के माध्यम से समस्त स्टाफ एवं बच्चो ने पर्यावरण जागरूकता व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर स्कूल संचालक अनिल मालवीय, संतोष चौहान, प्रियंका बकोरिया, शीतल बड़ोदिया, रिशिता विश्वकर्मा, दृष्टि विश्वकर्मा, रसना, योगिता मीणा, जितेन्द्र मीणा, सुहानी मालवीय, आदि शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल रही।

## तार-फेंसिंग लगाने का आधा खर्च सरकार वहन करेगी

सीहोर। फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए खेतों पर तार-फेंसिंग लगाने का आधा खर्चा राज्य सरकार वहन करेगी। अब राष्ट्रीय बागवानी एकीकृत विकास कार्यक्रम के तहत उद्यानकी फसल उगाने वाले कृषक अपने खेत के चारो ओर 5 तार व खम्बे की फेंसिंग लगवा सकते हैं। उद्यानकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा इच्छुक किसानों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। विभाग द्वारा जिलेवार लक्ष्य निर्धारित किया जा चुका है। आयुक्त उद्यानकी के अनुसार उद्यानकी फसलों में सब्जी, फल, फूल एवं मसालों की फसलों को जंगली जानवरों द्वारा क्षति पहुंचाई जाती है। इससे बचाव के लिये यह योजना लागू की गई है। विभाग द्वारा किसानों को तार-फेंसिंग लगाने में आने वाला खर्च का आधा (50 प्रतिशत) अनुदान प्रदान किया जाएगा।

## डरा धमका कर प्रसूताओं को भोपाल रेफर कर देते हैं आपके कर्मचारी

# अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार कर लो वरना मैं सीधे सीएम को ही शिकायत करूंगा: विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




विधायक सुदेश राय ने कलेक्टर बालागुरू के सामने सिविल सर्जन डॉ प्रवीर गुप्ता को कड़ी चेतावनी दे दी।

विधायक राय ने सीधे तौर पर कहा कि आपके अधिनस्थ कर्मचारी प्रसूताओं को सामान्य डिलेवरी ऑपरेशन के लिए डरा धमका कर (यहाँ तो मर ही जाएगी) बोलकर भोपाल रिफर कर देते है। डॉक्टरों ने एक आशा कार्यकर्ता को अस्पताल का लेडी डॉन बना रखा है, किस प्रसूता का ऑपरेशन अस्पताल में होना है और किस का नहीं होना है तय वही कर रही है। विधायक सुदेश राय ने कहा कि जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार कर लो वरना अब में सीधे सीएम को ही शिकायत करूंगा में पहले अव्यवस्थाओं को रोकने में आपकी मदद कर रहा था लेकिन अब नहीं करूंगा। कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को आयोजित रोगी कल्याण समिति की बैठक में विधायक सुदेश राय के तीखे तेवर देखकर रोगी कल्याण समिति के सदस्य और प्रशासनिक अधिकारी एवं डॉक्टर सभी दंग रह गए। अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती होने वाले मरीजों सहित डिलीवरी के लिए आने वाली प्रसूताओं और उनके परिजनों के साथ होने वाले दुव्र्यवहार पर भी विधायक सुदेश राय ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। जिला अस्पताल में जारी अव्यवस्थाओं से उत्पन्न परेशानियों से विधायक सुदेश राय ने कलेक्टर को भी अवगत कराया और अब सीधे मामला सीएम तक ले जाने की बात कहा कर सबको चौका दिया।

रोगी कल्याण समिति की बैठक में जिला अस्पताल पहुंच रहे मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं और डॉक्टरों के रिक्तपदों सहित मौसमी बीमारियों के बड़े मरीजों की संख्या मलेरिया रोकथाम सोनोग्राफी मशीन दवाई इंजेक शन ऑक्सीजन सिलेडरों के स्टॉक साफ सफाई आदि पर भी चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख रूप से मुख्य चिकित्सा जिला अधिकारी डॉ सुधीर डहेरिया,रोगी कल्याण समिति के सदस्य वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, भाजपा जिलामंत्री राजकुमार गुप्ता और डॉक्टर अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## व्यास पूजन कार्यक्रम आयोजित



**सीहोर।** श्री सत्य साईं विश्वविद्यालय सीहोर में अखिल भारतीय शिक्षण मंडल मध्य भारत प्रांत जिला सिद्धपुर के तत्वाधान में व्यास पूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें मुख्य वक्ता के रूप से कौशल प्रताप सिंह जी क्षेत्र संगठन मंत्री एवं प्रोफेसर रोहिताश्व कुमार शर्मा प्राचार्य पीजी कॉलेज सीहोर उपस्थित हुए। कार्यक्रम संस्था के कुलगुरु डॉ मुकेश तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। स्वागत भाषण कुलगुरु डा हेमंत शर्मा एवं परिचय भाषण परीक्षा नियंत्रक डॉ संजय राठौर ने दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वेद व्यास जी के पूजन से हुआ। अतिथियों का स्वागत तुलसी के पौधे भेंट कर किया गया, जो भारतीय संस्कृति में पवित्रता और पर्यावरण चेतना का प्रतीक माना जाता है। मुख्य वक्ता कौशल प्रताप सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि महर्षि वेदव्यास ने भारतीय ज्ञान परंपरा को संरक्षित करने में जो योगदान दिया है, वह अमूल्य है। आज के युवाओं को चाहिए कि वे अपने जीवन में गुरु-शिष्य परंपरा का पालन करें और ज्ञान को सदैव सम्मान दें। विशेष वक्ता रोहिताश्व कुमार शर्मा ने कहा कि व्यास पूजन केवल एक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह उस परंपरा का स्मरण है, जिसने भारत को विश्व गुरु बनाया। कार्यक्रम में डॉ ओम प्रकाश परमार सहायक प्राध्यापक बुधनी, डॉ. गोविंद मसूरे संस्कृत विभाग सीहोर, डॉ. मनोज शर्मा, शोभा चांडक, राजेश पाठक , रवि राठौर, संस्था के शिक्षक गण छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। मंच संचालन अंकित जोशी ओर आभार डॉ. गार्गी सिंह द्वारा किया।

**आम सूचना**

**कृषि भूमि खसरा क्रमांक 99/1/8/2 (एस) रकबा 3.035 हैक्टेयर जो सतपीपलीया तहसील व जिला सीहोर म.प्र.**

मैं अपने पक्षकार के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि श्री श्यामलाल चौधरी पिता श्री पुजराज चौधरी, श्री आतिश चौधरी और श्री सतिश चौधरी पुत्रगण श्री श्यामलाल चौधरी, सभी निवासी वार्ड 01, देवास रोड कैलोद, तहसील व जिला देवास के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि खसरा क्रमांक 99/1/8/2(एस) रकबा 3.035 हैक्टेयर जो ग्राम सतपीपलीया, तहसील व जिला सीहोर, म.प्र. में स्थित है, उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति की चतुर्थ सीमायें दिशा पूर्व में- कुमेर सिंह की भूमि, दिशा पश्चिम में- कमल सिंह की भूमि, दिशा उत्तर में - रास्ता, दिशा दक्षिण मे- सलीम खा की भूमि । उक्त कृषि भूमि को क्रय करने हेतु मेरे पक्षकार द्वारा अग्रिम राशि क्रेता को जमा कर दी गयी है तथा मेरे पक्षकार विक्रय अनुबंध पत्र करने हेतु तत्पर है। यदि उपरोक्त कृषि भूमि या उसके किसी भी भाग पर किसी भी व्यक्ति,शासकीय एवं अशासकीय संस्था,वित्तीय संस्था,बैंक,फर्म,सोसायटी या किसी अन्य का कोई हित,ऋण,दान,स्वत्व संबंधी,भार,बंधक,विक्रय अनुबंध या किसी भी प्रकार का कोई लेन देन हो, तो वह इस सूचना प्रकाशन दिनांक से सात दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में दस्तावेजी प्रमाण सहित लिखित आपत्ति कार्यालय समय में प्रस्तुत करें। उपरोक्त समयावधि निकल जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार का दावा,स्वत्व अधिकार या आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होंगी तथा मेरे पक्षकार उक्त कृषि भूमि को क्रय करने हेतु विक्रय अनुबंध पत्र निष्पादित कर पूर्ण विक्रय प्रतिफल का भुगतान विक्रेतागण को प्रदान कर "विक्रय पत्र" का पंजीयन,उप -पंजीयक कार्यालय,में कराने हेतु स्वतंत्र रहेंगे।

भवदीय **मनोज कुमार शाही** अधिवक्ता
कार्यालय : चतुर्थ तल ,प्लाट न. 66, जोन - II
एम .पी. नगर, पंजाब नेशनल बैंक के ऊपर, भोपाल म.प्र.
मोब न. 9300832100,7000929129

**परेशानी अभी बाकी:** कीचड़, पत्थरों से लबरेज है कहारपुरा का पहुंच मार्ग

# भूमिपूजन के बाद भी सड़क नहीं बनी तो शिलान्यास पट्टिका उठा लाए ग्रामीण

*नरसिंहगढ़ के कहारपुरा का मामला, सड़क निर्माण के लिए 2017 में हुआ था भूमिपूजन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

इसे विडंबना ही कहेंगे कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधि विभिन्न निर्माण कार्यो की स्वीकृति उपरान्त भूमिपूजन तो करवा देते हैं लेकिन बाद में कार्य हुआ या नहीं इस तरफ किसी का ध्यान नहीं जाता। एक ऐसे ही मामले में साल 2017 में हुए भूमिपूजन के आठ सालों बाद भी जब हाईवे से लेकर गांव तक का पहुंच मार्ग नहीं बना तो आक्रोषित ग्रामीण भूमिपूजन/शिलान्यास पट्टिका को ही उखाड़कर कलेक्टोरेट ले आए।

हम बात कर रहे हैं नरसिंहगढ़ क्षेत्र के कहारपुरा गांव की। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा शासन से स्वीकृति मिलने के उपरान्त 19 फरवरी 2017 को एनएच-52 से कहारपुरा गांव तक करीब 2 किमी लंबाई वाली सड़क के निर्माण हेतु भूमिपूजन करवाया गया था। क्षेत्रीय सांसद रोड़मल नागर, तत्कालीन ब्यावरा विधायक नारायण सिंह पंवार(वर्तमान में राज्यमंत्री), तत्कालीन भाजपा जिलाध्यक्ष बद्रीलाल यादव, तत्कालीन जिला पंचायत अध्यक्ष गायत्री जसवंत गुर्जर, तत्कालीन जिपं सदस्य श्रीबाई गोविंद गुर्जर, रेखाबाई देवीसिंह गुर्जर, पंचायत के सरपंच कैलाशनारायण यादव सहित अन्य की



उपस्थित में जोरशोर के साथ सड़क निर्माण के लिए भूमिपूजन कर दिया गया। लेकिन, उक्त भूमिपूजन के आठ वर्ष बीत जाने के बाद भी यह सड़क अभी तक नहीं बन पाई है।

### कईं बार आवेदन दे चुके हैं ग्रामीण

भूमिपूजन पट्टिका लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की समस्या लेकर वे नरसिंहगढ़ एसडीएम कार्यालय में पूर्व में ज्ञापन दे चुके हैं। इसके साथ ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को भी सड़क की बदहाली से अवगत कराया लेकिन सड़क निर्माण क्यों नहीं हो पा रहा है, इस बारे में सबने चुप्पी साध रखी है।

### कीचड़ से सन जाती है स्कूली बच्चों की गणवेश

कहारपुरा के ग्रामीणों ने बताया की एनएच-52 से गांव तक का पहुंच मार्ग बारिश के मौसम में पूरा कीचड़ से सना हुआ है। आलम यह है कि कीचड़ और मटमैले पानी से लबरेज सड़क से स्कूल जाने वाले बच्चों की पूरी गणवेश तक खराब हो जाया करती है। इसके साथ ही दोपहिया वाहन चालक भी कईं बार यहां दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। सड़क की बदहाली के चलते प्रसूताओं को अस्पताल ले जाने में भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



### ... तो नेशनल हाईवे पर करेंगे चक्काजाम

शिलापट्टिका के साथ ही अपना ज्ञापन लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि 10 दिनों उक्त समस्या का समाधान नहीं हुआ तो मजबूरने पूरे गांव के लोग नेशनल हाईवे पर चक्काजाम पर मजबूर होंगे।

राज्य शिक्षा केंद्र को 8 माह पूर्व भेज चुके स्कूलों की सूची

# जिले के 526 स्कूलों की मरम्मत के लिए शासन से राशि का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले की सीमा से सटे राजस्थान राज्य के पिपलोदी स्कूल की छत ढहने से 7 मासूम बच्चों की मौत ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। उक्त स्कूल की तरह राजगढ़ जिले में भी 526 ऐसे स्कूल हैं जिनमें मरम्मत की आवश्यकता है। राजगढ़ शिक्षा विभाग ने राज्य शिक्षा केंद्र को जो सूची भेजी है उनमें मरम्मत की अति आवश्यकता वाले 239 वे स्कूल भी शामिल हैं जिनके भवन कभी भी जमींदोज होकर हादसे का कारण बन सकते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो मरम्मत की अति आवश्यकता वाले इन 239 स्कूलों के भवन, उनकी छत या दीवारें कभी भी ढह सकती हैं। करीब 7-8 माह पूर्व जिला परियोजना समन्वयक(डीपीसी) कार्यालय द्वारा मरम्मत की दरकार वाले स्कूलों की सूची बनाकर राज्य शिक्षा केंद्र को उपलब्ध करवाई गई थी। लेकिन, शासन से राशि नहीं मिल पाने के चलते इन स्कूलों में मरम्मत कार्य नहीं हो पा रहा है।

### किसी स्कूल की छत का प्लास्टर गिरा तो कहीं दीवारें कमजोर

जिले के अनेकों स्कूल ऐसे हैं जिनकी छत का प्लास्टर हर कभी गिर जाया करता है। किसी स्कूल में तो आरसीसी छत में लगे सरिए तक नजर आने लग चुके हैं। इसके साथ ही अनेकों स्कूलों की दीवारें कमजोर होकर कभी भी गिरकर बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं।

### एक बार पुनः मंगवाई सूची



राजस्थान के स्कूल में हुए उक्त हादसे के उपरान्त कल दोपहर ही राज्य शिक्षा केंद्र ने फिर से मप्र के सभी जिलों से मरम्मत की आवश्यकता वाले स्कूलों की सूची मंगवाई है। अब देखना यह है कि यह सूची भी पूर्व की सूची अनुसार फाईलों में दबी रहेगी या उस पर कुछ सार्थक अमल हो पाएगा।

### इनका कहना है

राज्य शिक्षा केंद्र ने मरम्मत की आवश्यकता वाले स्कूलों की सूची हमसे मंगवाई है जो भेजी जा चुकी है। राशि प्राप्त होने के उपरान्त ही मरम्मत कार्य संभव हो पाएगा। जिले में मरम्मत की अति आवश्यकता वाले 239 स्कूल हैं।

**करण सिंह भिलाला,**
डीईओ एवं प्रभारी डीपीसी, राजगढ़

## मर्डर व दहेज प्रताड़ना के 5 दोषियों को सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**खिलचीपुर।** वर्ष 2020 में थाना माचलपुर अपराध क्रमांक 83/2020 अंतर्गत धारा 302, 304 बी 498 ए आईपीसी घटित मर्डर एवं दहेज प्रताड़ना प्रकरण में न्यायालय द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश एवं पीठासीन अधिकारी सुरेश कुमार शर्मा के न्यायालय द्वारा आरोपी जावेद पिता अली हुसैन उम्र 22 वर्ष , अली हुसैन पिता माजीसा शाह उम्र 50 वर्ष, मुस्कान भी पति बबलू शाह उम्र 23 वर्ष, बबलू पिताजी हुसैन शाह उम्र 27 वर्ष, आमनाबी पति अली हुसैन शाह उम्र 50 वर्ष सर्व निवासी पिपलिया कुलमी थाना माचलपुर जिला राजगढ़ मध्य प्रदेश सभी को धारा 302 में आजीवन कारावास, 498 ए में 1 वर्ष तथा 2500 अर्थ दंड से दंडित किया  है। शासन की ओर से पर भी कर रहे शासकीय अभिभाषकध् लोक अभियोजक राजगढ़ विजय सिंह सिसोदिया द्वारा बताया गया कि मामला माचलपुर थाने का है, आरोपी गणों द्वारा उनके ही परिवार की पत्नी बहु रानी भी के साथ क्रूरता पूर्वक व्यवहार करते हुए तथा प्रताड़ति करते हुए व दहेज की मांग करते हुए 29 फरवरी 2020 को आरोपी गणों द्वारा रनोबी पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी, जलने से उसकी मृत्यु हो गई थी। न्यायालय में लगभग 4-5 बरसों से चल रहे प्रकरण में लंबी लड़ाई के बाद उपरोक्त समृद्धि का रनोबी को न्याय मिला ओर दहेज के लॉबियों को उनके किए गए अपराध की सजा मिली ।

**कोरे कागज दिखाकर उड़ाए गहने**

# नोटों की गड्डी दिखाकर 60 वर्षीय महिला से ठगी

### मंगलसूत्र और टॉप्स ले उड़े ठग, कोरे कागजों से भरी गड्डी में 500 व 10 के नोट ऊपर रखकर दिया लालच



**सारंगपुर।** शुक्रवार को शहर में एक बार फिर लालच देकर ठगी की वारदात सामने आई है। समीपस्थ ग्राम किठोर निवासी 60 वर्षीय सायरा बाई बंजारा से दो अज्ञात व्यक्तियों ने ठगी कर उनके गहने हड़प लिए। आरोपियों ने पहले उन्हें नकली नोटों की गड्डी का लालच दिया, फिर वृद्धा से उनका मंगलसूत्र और टॉप्स उतरवाकर मौके से फरार हो गए। सायरा बाई बाजार करने सारंगपुर आई थीं। दोपहर लगभग 3 बजे पाड़ल्या रोड के पास दो लोगों ने उन्हें रोककर बातचीत शुरू की और कागज की गड्डियों में ऊपर से 500 और 10 रुपए के नोट दिखाए। लालच में आकर महिला ने स्वयं ही अपने गहने उतारकर आरोपियों को सौंप दिए। थोड़ी ही देर बाद जब उन्होंने कपड़े में लिपटी गड्डियों को खोलकर देखा, तो उनके होश उड़ गएकृअंदर केवल कोरे कागज थे। गहने चले जाने से घबराई महिला रोती हुई थाने पहुंची और शुरुआत में लूट की कहानी गढ़ दी। हालांकि थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा के निर्देशन में एएसआई आनंदीलाल भिलाला के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू की, जिसमें जल्द ही यह स्पष्ट हो गया कि यह मामला सीधे तौर पर ठगी का है। महिला को चतुराई से लालच देकर धोखा दिया गया था।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

फिलहाल पुलिस आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, जिससे आरोपियों की पहचान की जा सके। दिसंबर 2024 में भी इसी तरह की एक घटना सामने आई थी, जिसमें नोटों की गड्डी दिखाकर गहने उतरवाए गए थे। अब पुलिस यह जांच भी कर रही है कि इन घटनाओं के तार कहीं आपस में जुड़े तो नहीं हैं।

### पुलिस की अपील

पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी अनजान व्यक्ति के झांसे में न आएं और कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

### नशा मुक्ति अभियान के तहत किया जागरूक

**शुजालपुर।** एवं साथिया वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वधान से ग्राम जामनेर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नशे से दूरी है जरूरी। अभियान कार्यक्रम को लेकर ग्राम जामनेर थाना शुजालपुर के बालक ,बालिकाओं एवं ग्रामीणों को जागरूक किया गया। जिसमें शुजालपुर  अनुविभागी अधिकारी पुलिस निमेष देशमुख शुजालपुर मंडी थाना प्रभारी शिवकुमार यादव अधिवक्ता अमित मालवीय स्कूल प्राचार्य  प्रमोद खपरे  उपस्थित रहे एसडीओपी निमेष देशमुख ने नशे से होने वाले दुष्परिणामों को समझाया गया। साथ ही साथिया वेलफेयर सोसाइटी से जिला समन्वयक ने मांगीलाल जादव द्वारा जागरूकता कार्यक्रम में बालक बालिकाओं को नशे से होने वाले दुष्परिणाम बताएं और कहा कि आपके माता-पिता को समझाएं कि वह  दिनभर मेहनत मजदूरी करते हैं और जब शाम को घर आते हैं तो आप किसी भी प्रकार का नशा करके आते हैं। आपकी दिनभर की मेहनत का पैसा आप नशे में उड़ा देते एवं आपके बच्चे पढ़ाई से पैसे के कारण वंचित रह जाते हैं घर परिवार में राशन की भी समस्या आती है आए दिन घर में महिला एवं बच्चों से झगड़े होते रहते हैं यही चीज आगे चलकर बच्चे भी सिखते हैं। इसीलिए नशे से दूर रहना चाहिए।

# शिक्षकों के बाद अब पशु चिकित्सकों ने किया ई-अटेंडेंस का विरोधकर प्रदर्शन

### बोले-फील्ड में रहेंगे तो कैसे लगा पाएंगे उपस्थिति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

सरकारी कर्मचारियों की अपने-अपने कार्यालयों में समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के उद्धेश्य से शासन लगभग सभी विभागों में ई-अटेंडेंस को अनिवार्य कर रहा है। शिक्षा विभाग उपरान्त आगामी 1 अगस्त से पशु चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों के लिए भी सार्थक एप पर ई-अटेंडेंस अनिवार्य की जाने वाली है।

मप्र सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष एच.सी. संजोदिया के नेतृत्व में सभी पशु चिकित्सकों ने शुक्रवार को विभाग के उप-संचालक को एक ज्ञापन सौंपते हुए उक्त आदेश के पालन में आने वाली व्यवहारिक कठिनाईयों से अवगत कराया। सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों का अधिकतर कार्य फील्ड से जुड़ा हुआ है। पशुओं के बीमार होने पर उनके उपचार इत्यादि का कोई समय निश्चित नहीं होता है। पशुओं का उपचार अधिकतर सुबह 9 के पहले या शाम 4 के बाद ही संभव हो पाता है क्योंकि दिन में पशुपालक अपने मवेशियों को जंगल में भेज दिया करते हैं। पशुओं के शाम को लौटने के बाद ही उनका ईलाज, टीकाकरण आदि कार्य पशु चिकित्सक कर पाते हैं। इसके साथ ही मैदानी अमले के पास एक या एक से अधिक संस्थाओं का चार्ज भी है। ऐसे में सार्थक एप पर उपस्थिति लगाना संभव नहीं है।

### सार्थक एप व्यवस्था से हमें रखें मुक्त

सभी सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों ने मांग की है कि उनके फील्ड कार्य की प्रकृति को देखते हुए उन्हें सार्थक एप पर उपस्थिति व्यवस्था से मुक्त रखा जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में जगदीश चंद्र राठौर, ऋषिराज शर्मा, ओपी संजोदिया, रामचंद्र दांगी, एसडी डावर, रामबाबू दांगी, सुनील नागोरिया, आरके वर्मा, राकेश वर्मा, हेमराज धाकड़, अरविंद दांगी, हरीश दांगी सहित अन्य उपस्थित थे।

**पंचायत सचिव संगठन ने...**

# विधायक हजारीलाल को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

मध्य प्रदेश पंचायत सचिव संगठन भोपाल के आह्वान पर दिनेश चंद्र शर्मा के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में तीन सुत्रिय मांगों के निराकरण के संबंध में ज्ञापन दिए जा रहे। इसी तारतम्य में जनपद पंचायत जीरापुर एवं खिलचीपुर द्वारा संयुक्त रूप से विधायक हजारीलाल दांगी को उनके निवास पर ज्ञापन प्रस्तुत किया गया तथा अपनी मांगों को पुरा कराने की पहल की। ज्ञापन में उल्लेख किया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में संविलियन, सेवा काल की गणना नियुक्ति दिनांक से करना, समयमान वेतनमान का लाभ जारी आदेश के पालन में दिया जाना है। इन मांगों का शीघ्र निराकरण किया जाए। इस दौरान सचिव संगठन जिला अध्यक्ष लाखन सिंह खींची ,जीरापुर ब्लॉक अध्यक्ष दूल्हेसिंह परमार, श्रीलाल पवांर, जगदीशचंद्र मालवीय ,कैलाश शर्मा , छोटूलाल पवांर, बजरंग शर्मा ,गब्बर सिंह, पीरुलाल दांगी, रामबाबू राव , नरेंद्र सिंह , अर्जुन सिंह , शिवनारायण , भैरू सिंह तोमर,  मांगीलाल दांगी , चुन्नीलाल, सिद्धू लाल इत्यादि सहित सचिव संगठन  एवं जनपद पंचायत खिलचीपुर-जीरापुर के पदाधिकारी  द्वारा संयुक्त रूप  उपस्थित रहे।

# विजयवर्गीय समाज ने भक्त शिरोमणि मीराबाई की 522वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई

**पूजन, आरती व विचार गोष्ठी के साथ हुआ आयोजन**

**सारंगपुर।** विजयवर्गीय समाज द्वारा समाज की आराध्य देवी भक्ति शिरोमणि मीराबाई की 522वीं जयंती श्रद्धा, भक्ति और उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर समाजजनों ने पूजा-अर्चना और आरती कर मीराबाई के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम में प्रांत अध्यक्ष विजय विजयवर्गीय ने समाजजनों को मीराबाई का चित्र भेंट किया और उनके जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। प्रांत अध्यक्ष विजय विजयवर्गीय ने कहा कि, ष्मीराबाई का जीवन जात-पांत और सामाजिक बंधनों से ऊपर था। उन्होंने भक्ति का मार्ग चुनकर समाज को नया संदेश दिया। पति की मृत्यु के पश्चात उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन



भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित कर दिया।ष वही स्थानीय अध्यक्ष संजय विजयवर्गीय ने बताया कि मीराबाई ने एक स्त्री के रूप में उस समय की सामाजिक सीमाओं को लांघते हुए अपनी अलग पहचान बनाई और महिलाओं को सशक्त होने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा, ष्मीरा ने अपने पदों और भजनों से कृष्ण भक्ति का अद्भुत संदेश दिया, जो आज भी लोगों को आध्यात्मिक प्रेरणा देता है। इस अवसर पर समाजसेवी योगेश विजयवर्गीय, वीरेंद्र विजयवर्गीय, सतीश विजयवर्गी, प्रवीण विजयवर्गी, प्रदीप विजयवर्गीय सहित महिला मंडल एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सामूहिक भजन-कीर्तन एवं प्रसादी वितरण के साथ हुआ।

साल 2020 में पीपल्याकुल्मी गांव में हुई थी घटना

# विवाहिता को जलाकर मारने वाले 5 आरोपियों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के पीपल्याकुल्मी गांव में पति, सास, ससुर समेत ससुराल पक्ष के पांच दहेज लोभियों द्वारा एक विवाहिता महिला को जलाकर मार दिया गया था। साल 2020 में हुई इस दुर्दांत घटना के पांच सालों बाद द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश सुरेश कुमार शर्मा ने तमाम सबूतों एवं गवाहों की बिना पर पांचों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सभी आरोपियों पर अर्थदंड भी अधिरोपित किया गया है।



### क्या था पूरा मामला?

शासकीय लोक अभियोजक विजय सिंह सिसोदिया ने बताया कि माचलपुर क्षेत्र के पीपल्याकुल्मी गांव निवासी रानीबी नाम की महिला को उसके ससुराल पक्ष के लोग अक्सर मायके से दहेज लाने के लिए प्रताड़ति करते रहते थे। मायके पक्ष से दहेज न मिलने के चलते पति समेत ससुराल पक्ष के पांच लोगों ने 29 फरवरी 2020 को रानीबी पर केरोसीन डालकर उसकी उसे जलाकर मार दिया था। घटना के बाद माचलपुर थाने में मृतिका के पति, सास, ससुर, देवर व देवरानी पर हत्या, दहेज प्रताड़ना समेत अन्य धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया। इस मामले में पांच सालों की लंबी लड़ाई के उपरान्त मृतिका को न्याय मिला है। न्यायालय ने मृतिका के पति जावेद पिता अली हुसैन, सास अमानबी पत्नी अली हुसैन, ससुर अली हुसैन पिता मजीशा शाह, देवर बबलू पिता अली हुसैन एवं देवरानी मुस्कान पत्नी बबलू हुसैन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

# 4 अगस्त को नगर भ्रमण पर निकलेंगे नीलकंटेश्वर महादेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

बाबा नीलकंठेश्वर महादेव की शाही सवारी हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 4 अगस्त सोमवार को धूमधाम के साथ निकाली जायेगी वही महादेव की शाही सवारी को लेकर तैयारियां जोरों पर की जा रही एवं शाही सवारी बजरंग आखाड़ा के तत्वधान में नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली जायेगी जिसमें चलित झाकियां भी आकर्षण का केंद्र रहेगी जिसको लेकर समिति द्वारा सभी नगरवासी सहित ग्रामीण जानो से  अधिक संख्या में सम्मिलित होने का आव्हान किया, नीलकंठेश्वर महादेव का उज्जैन महाकाल के तर्ज पर भव्य श्रृंगार व महाआरती भी आयोजित होगी।



# विधायक ने साइकिल वितरण कर बच्चों को मेहनत और समर्पण का संदेश दिया

### कुरावर, पीलूखेड़ी, जामुनिया गौप चोहान, झाड़ला में पौधरोपण

**कुरावर।** शुक्रवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरावर, पीलूखेड़ी , जामुनिया गौप चोहान, झाड़ला में मध्यप्रदेश शासन की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरसिंहगढ़ विधानसभा के विधायक माननीय श्री मोहन जी शर्मा (दादा) रहे, जिन्होंने छात्र-छात्राओं को कुरावर में 47, पीलूखेड़ी 41, जामुनिया गौप चोहान 21,व झाड़ला में 32 साइकिल वितरित की। विधायक शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा आपको निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, साइकिल, और अच्छे प्रदर्शन पर स्कूटी व लैपटॉप जैसी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। शिक्षा



के क्षेत्र में सुधार और बच्चों का सर्वांगीण विकास शासन की प्राथमिकता है।

उन्होंने आगे कहा कि हमारे समय में बच्चे सेकंड हैंड किताबें आधे दाम में पाने का इंतजार करते थे, लेकिन आज सरकार आपको हर सुविधा उपलब्ध करा रही है, इसलिए मेहनत करें और नरसिंहगढ़ ब्लॉक का नाम रोशन करें।कार्यक्रम के दौरान प्राथमिक विद्यालय के कक्षा पहली के बच्चों को निःशुल्क बैग भी वितरित किए गए।इसके पश्चात विधायक शर्मा द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। इसमें  अनेक जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से कुरावर मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई, रवि मीना, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष जगदीश आदि थे।

**खबर संक्षेप**

### नशा मुक्त समाज के निर्माण की शपथ दिलाई

**आष्टा।** अनुभाग आष्टा पुलिस ने नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत जनजागरूकता कार्यक्रम चलाया। शुक्रवार को थाना आष्टा, पार्वती, जावर और सिद्दीकगंज की पुलिस ने क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम किए। जनपद पंचायत तिराहा अलीपुर, अनुसूचित जाति-जनजाति बालिका छात्रावास आष्टा, नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास सिद्दीकगंज, आंगनबाड़ी कजलास-जावर और सार्वजनिक स्थानों पर नुक्कड़ नाटक हुए। शॉर्ट फिल्म, वीडियो, रील दिखाई गईं। फ्लेक्स, पोस्टर लगाए गए। पंपलेट बांटे गए। नशा मुक्ति शपथ और संवाद कार्यक्रम हुए। पुलिस ने छात्र-छात्राओं, स्टाफ, आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं, आमजन को नशे के दुष्प्रभाव बताए। नशे की लत छुड़ाने के लिए पुनर्वास केंद्र और चिकित्सीय सहायता लेने की सलाह दी गई। नशा छोड़ने वाले लोगों को सम्मानित कर नशा मुक्त समाज के निर्माण की शपथ दिलाई।

### 196 मरीजों की आंखों में मिला मोतियाबिंद

**आष्टा।** सिविल अस्पताल में सद्गुरु सेवा समिति आनंदपुर ने निशुल्क नेत्र शिविर लगाया। नेत्र विभाग प्रमुख सुरेश सेन ने बताया कि 290 मरीजों की आंखों की जांच की गई। इनमें 196 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया। 81 महिलाएं और 115 पुरुष ऑपरेशन के लिए चिन्हित किए गए। सभी को आनंदपुर स्थित समिति के अस्पताल में निशुल्क ऑपरेशन के लिए भेजा गया। शिविर में 54 मरीजों को चश्मे बांटे गए। 68 मरीजों को दवाइयां दी गईं। मरीजों की जांच सुरेश सेन, रविन्द्र गोस्वामी और अनोखीलाल बामनिया ने की। आयोजन में जितेंद्र वर्मा, विजय कुमार, तेज सिंह ठाकुर और राजेन्द्र जामलिया का विशेष सहयोग रहा।

आष्टा नगर में अटल सेतु सहित करोड़ों के विकास कार्यों का किया लोकार्पण और भूमिपूजन

# इंदौर आठवीं बार नंबर वन आया, यह संकल्प लें कि आष्टा स्वच्छता में अगली बार नंबर वन आए: कैलाश विजयवर्गीय






विजयवर्गीय ने कहा कि जब हम सरकार की योजना का आवेदन करते हैं तो कोई भेदभाव नहीं करते। जो योजना हिंदू को मिलेगी वह मुस्लिम को ही मिलेगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

पुराना भोपाल इंदौर मार्ग पर स्थित पार्वती नदी पर अटल सेतु का लोकार्पण करने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय पहुंचे इस दौरान उन्होंने नगर में नगर पालिका कार्यालय सहित अन्य विकास कार्यों का भूमि पूजन भी किया। बता दें कि मध्य प्रदेश शासन के नगरीय निकाय व विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को शुक्रवार को शाम 4 बजे आष्टा आना था, लेकिन वह अपने व्यस्त कार्यों के चलते रात 8.45 बजे मंच पर पहुंचे। इस दौरान 4 बजे से बैठे लोग इंतजार करते रहे। वही मंत्री जी ने मंच से लेट आने के लिए लोगों से माफी भी मांगी। नगर के विकास कार्यों का लोकार्पण करने आए नगरीय निकाय व विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री ने एक मंत्र दिया है सबका साथ सबका विकास। हमारे लिए सबका विश्वास और सब का प्रयास यह हमारे प्रधानमंत्री जी का मंत्र और यह मंत्र देकर हमको चार्ज किया। जब हम सरकार की योजना का आवेदन करते हैं तो कोई भेदभाव नहीं करते। जो योजना हिंदू को मिलेगी वह मुस्लिम को ही मिलेगी।यदि रामकली बाई को लाडली बहन का पैसा मिलता है तो रमजान बी को भी मिलता है। जब हमारी सरकार बनी जब प्रदेश के बहुत बुरे हाल थें यहीं हाल केंद्र सरकार के थें। मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद क्या आपने सुना है एक नए पैसे का भी कहीं भ्रष्टाचार हुआ है। भारत दुनिया के आर्थिक जगत में 10 नंबर पर था आज वह पांचवें नंबर पर पहुंच गया और हम तीसरी आर्थिक शक्ति बनने जा रहे हैं। सेना अपने घर में बैठकर आतंकवादियों को घर में घुस के मारती है। इस तरह के हथियार भारत के पास है। मोदी जी ने भारत को दुनिया का सबसे ताकतवर देश बनाया है। देश ताकतवर हर चीज से बनता है। अपने मोहल्ले को स्वच्छ रखेंगे तो आपके बच्चे बीमार नहीं होंगे। आपके बच्चे बीमार नहीं होंगे तो आपके बच्चे ताकतवर बनेंगे। तभी हिंदुस्तान का नागरिक ताकतवर होगा।



#### कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने नगर की जीवनदायनी पार्वती नदी पर बने लगभग 11 करोड़ की लागत से बने अटल सेतु,79.68 लाख से बने तीन संजीवनी क्लिनिक का लोकार्पण कर इसी के साथ 422.54 लाख से बनने वाले नवीन नगर पालिका कार्यालय भवन,209.07 लाख से कमल तालाब के विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। वही 50 लाख से आई 5 नई डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहन व एक गौभोज वाहन लोकार्पित किया।

#### सकंल्प लें आष्टा नंबर वन आए

मंच से मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि सभी शपथ ले की आष्टा नगर पालिका अगली बार अच्छी मेहनत और सफाई अभियान चलाकर नंबर वन पहुंचे इसकी सभी शपथ ले उन्होंने यहां भी कहा कि परिषद मेहनत करें और स्वच्छता के प्रति मुहिम चलाकर लोगों को जागरूक करें सभी को समझाये उन्होंने इंदौर आठवीं बार नंबर वन आने का उदाहरण दिया और कहा कि हमारे यहां कर्मचारी रात 2 बजे तक भी सफाई में जुटे रहते हैं। अटल सेतु पार्वती नदी पुल पर आयोजित लोकार्पण भूमिपूजन कार्यक्रम में सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी,जिला भाजपा अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा,आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, नगर पालिका अध्यक्ष हेमकुवर रायसिंह मेवाड़ा, नपा उपाध्यक्ष सिद्दीका बी भुरू खा अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहें।

#### कार्यक्रम में यहां भी रहे मौजूद

आष्आ नगर में आयोजित हुए लोकापर्ण और भूमिपूजन कार्यक्रम में सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी,जिला भाजपा अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा,आष्टा विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर,नगर पालिका अध्यक्ष हेमकुवर रायसिंह मेवाड़ा, नपा उपाध्यक्ष सिद्दीका बी भुरू खा, नगर भाजपा अध्यक्ष अंजनी विशाल चौरसिया, धनरूपमल जैन, बाबूलाल पटेल, जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती, युवा मोर्चा जिला महामंत्री महेंद्र धाम बापचा सहित बड़ी संख्या में पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, नगर वासी उपस्थित रहे।

## बीते 24 घंटे में 39 मिमी बारिश दर्ज, रात भर से हो रही बारिश से पार्वती, पपनास में बढ़ा जलस्तर






**2 दिन से रूक-रूक कर हो रही तेज बारिश के चलते खेतों में पानी भर गया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

ब्लॉक में शनिवार की सुबह 4 बजे से तेज बारिश का दौर शुरू हो गया था। बारिश से पूरा क्षेत्र तरबतर हो गया। साथ ही कई निचले इलाकों में बारिश का पानी भी भर गया। बारिश के चलते पार्वती और पपनास नदी का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। शनिवार की सुबह 8 बजे तक क्षेत्र में 39 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई। अभी तक 356 मिलीमीटर अर्थात 14 इंच से अधिक औसत बारिश क्षेत्र में हो चुकी है। बीते साल अब तक 406 मिलीमीटर अर्थात 16 इंच से अधिक बारिश हुई थी। बता दे की बीते दो दिनों से आष्टा क्षेत्र में तेज बारिश का दौरा चल रहा है। शुक्रवार को रिमझिम बारिश होती रही लेकिन रात 2 बजे से मूसलाधार झमाझम तेज बारिश के चलते पूरा आंचल तरबतर हो गया।

इधर तेज बारिश के चलते क्षेत्र की पार्वती, नेवज, पपनास, दूधी नदिया में भी जल स्तर बढ गया। पार्वती नदी पर आष्टा क्षेत्र में पुराना भोपाल इंदौर मार्ग पार्वती के पुराने पुल पर नदी चार फीट नीचे खाली बह रही है।

#### खेत बने तालाब

2 दिन की अत्यधिक तेज बारिश के चलते इधर खेतों में भी पानी जमा हो गया है रात भर की बारिश से सुबह चारों ओर खेतों में बारिश का पानी ही अपनी नजर आ रहा है जिधर भी नजर डालो पानी ही अपनी नजर आ रहा है किसान राम सिंह, कमल सिंह परमार ने बताया कि रात भर की बारिश से खेतों में जल भराव हो गया है फसले पानी में डूबी हुई है।

#### कई क्षेत्रों में जलभराव

रात भर की बारिश से आष्टा नगर के जेके हॉस्पिटल के पास, दरगाह के पास जलभराव के कारण वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा साथ ही आष्टा के पुराना बस स्टैंड क्षेत्र और बुधवारा, परदेसी पुरा की 20 से अधिक दुकानों में बारिश का पानी घुस जाने से समान गीला हो गया। पिछले 15 दिन पहले भी पुराना बस स्टैंड क्षेत्र की कई दुकानों में बारिश का पानी भर जाने से हजारों रुपए की का दुकानदारों को नुकसान उठाना पड़ा था। नगर के विनोद पारख, तेज सिंह पाटीदार ने बताया है कि नगर पालिका यहां पर अभी तक जल भराव की समस्या हल नहीं कर सकी है कई बार जनप्रतिनिधियों के अलावा प्रशासन को भी इस समस्या से अवगत कराया लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई।

## लापरवाही: पोस्टमार्टम कराने परिजनों को घंटों करना पड़ रहा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सिविल अस्पताल में शनिवार की अल सुबह एक शव पोस्टमार्टम के लिए परिजन लेकर पहुंचे थे, लेकिन जावर पुलिस की कागजी कार्यवाही पूरी नहीं होने से रात भर से जारी मूसलाधार बारिश में परिजनों को घंटों तक इंतजार करना पड़ा।

इस दौरान सूचना मिलने पर कांग्रेस नेता सुनील कटारा भी सक्रिय हुए और मृतक के परिजनों से चर्चा कर जिम्मेदारों तक आवाज पहुंचाई तब जाकर शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजन अंतिम संस्कार के लिए गांव ले गए। मिली जानकारी के अनुसार जावर थाना अंतर्गत 50 वर्षीय अनारसिंह निवासी दरखेड़ा की हृदय गति रुक जाने से मौत हुई थी और सुबह करीब 5 बजे परिजन शव का पोस्टमार्टम कराने आष्टा के सिविल अस्पताल पहुंचे थे। इस दौरान परिजनों ने जावर पुलिस को सूचना भी दी लेकिन सुबह 10 .25 बजे तक पोस्टमार्टम रूम तक पुलिस नहीं पहुंची। कागजी कार्रवाई नहीं होने से सिविल अस्पताल के चिकित्सक शव का पोस्टमार्टम नहीं कर पाए। घंटों तक चिकित्स्क और मृतक के परिजन पुलिस की कागजी कार्रवाई का इंतजार करते रहे। वही जब परिजनों ने कांग्रेस नेता सुनील कटारा से संपर्क साधा और अपनी परेशानी को बताया तो कांग्रेस नेता ने तत्काल परिजनों की परेशानी और गंभीरता को समझते हुए जिम्मेदारों को अवगत कराया तब जाकर 11 बजे पोस्टमार्टम हुआ। फिर परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए गृह गांव दरखेड़ा रावना हुए। लिहाजा सिस्टम की इस तरह की लापरवाही कई बार लोगों के लिए पीड़ा दायक बन जाती है वही इस मामले पर जावर थाना प्रभारी नीता देहरवाल ने कहा की पूरी प्रकिया ऑनलाइन हो गई है। इसलिए आष्टा से जानकारी सुबह प्राप्त हुई थी जिसका जीरो पर ऑनलाइन मर्ग कायम कर ऑनलाइन पीएम भरकर हॉस्पिटल भेजा है। ऑनलाइन प्रोसेस में समय लगा है बाकी मामला संज्ञान में था अब पीएम करवा दिया गया है।

### छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण

**आष्टा।** एसडीएम नितिन कुमार टाले और एसडीओपी आकाश अमलकर ने शासकीय बालिका छात्रावास जावर का आकस्मिक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान के तहत किया गया। अधिकारियों ने छात्रावास में रह रही बालिकाओं से रहन-सहन, भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। भोजन की गुणवत्ता को मौके पर जांचा गया, जो संतोषजनक पाई गई। छात्राओं की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए दोनों अधिकारियों ने अपने मोबाइल नंबर साझा किए। उन्होंने छात्राओं को भरोसा दिलाया कि किसी भी परेशानी में वे सीधे संपर्क कर सकती हैं। निरीक्षण के दौरान छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। कहा कि वे खुद नशे से दूर रहें और अपने परिवार व समाज के लोगों को भी इसके नुकसान के बारे में जागरूक करें।

## पंचायल में लगा रहता है ताला, ग्रामीण परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

आष्टा विधानसभा की ग्राम पंचायत आरोलिया में हमेशा ताला लगा रहता है। जब यह बात नगर परिषद जावर के पूर्व अध्यक्ष शैलेश कुमार वैद्य को अरोलिया के किसानों एवं ग्रामीणों ने बताई तो पूर्व नप अध्यक्ष शैलेश कुमार वैद्य आरोलिया पंचायत जा पहुंचे। सभी किसान वहां पर इंतजार कर रहे थे। जैसे ही वेद ने गांव पहुंचकर पंचायत का हाल देखा तो वहां का नजारा बहुत ही चौंकाने वाला था। पंचायत भवन में चारों ओर गंदगी का माहौल था तथा पंचायत भवन के मुख्य द्वार पर बड़ा ताला लटका हुआ था एवं कुत्ते बैठे हुए थे। इसी बात पर उपस्थित गांव के किसान आजाद सिंह ठाकुर ने बताया कि हमारे गांव का पंचायत भवन केवल मुख्य जयंती अवसरों तथा गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस के दिन ही खुलता है। उसी दिन पंचायत के सेक्रेटरी और सरपंच यहां आते हैं बाकी पूरा साल पंचायत भवन पर ताला लगा रहता है हमारे गांव में सभी ग्रामवासी छोटी-छोटी बातों के लिए किसी भी जिम्मेदार के पास नहीं जा सकते हैं। क्योंकि यहां पर ना सचिव रहते हैं ना ही सरपंच हमारे गांव में चारों ओर गंदगी का माहौल है तथा विकास कार्य भी ठप पड़े हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में स्वच्छता ना होने की वजह से मच्छर और गंदगी फैला रहे है। जो पानी की टंकी बनाई गई थी वह भी भ्रष्टाचार का शिकार हो गई। पानी की टंकी जब से बनाई गई है तभी से वह फूटी हुई है जगह-जगह से टंकी में लीकेज है। गांव में कहीं पर भी पानी सप्लाई नहीं हो सकता है। हम ग्रामीण एवं किसान सभी पानी की समस्या से भी जूझ रहे हैं परंतु किसी भी जिम्मेदार ने अभी तक कोई कदम नहीं उठाया है। किसी भी जिम्मेदार जनप्रतिनिधि ने हमारी सुध लेने की कोशिश नहीं की है। यदि जल्द ही हमारे गांव की ओर ध्यान नहीं दिया गया तथा लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो हम सभी गांव के लोग आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस दौरान गांव में मुख्य रूप से आजाप सिंह ठाकुर, धनपाल सिंह ठाकुर आरोलिया, दीपेंद्र सिंह ठाकुर तथा भारी संख्या में किसान उपस्थित थे।

**गायों की दुर्घटनाओं को देखते हुए युवाओं ने फिर तैयार किया गौ-विश्राम ग्रह**

# नगर के युवा छह साल से बेसहारा गायों की कर रहे सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



गो माता के कष्ट हरने के लिए नगर के अन्नपूर्णा नगर के युवा सबके लिए मिसाल बने हुए हैं। लगातार छह वर्षो से अन्नपुर्णा नगर के युवाओं द्वारा विश्राम ग्रह का निर्माण किया जा रहा है। भारतीय संस्कृति में गाय का दर्जा माता का है, लेकिन इसके बाद भी गायें उपेक्षा की शिकार हैं और उन्हें तरह तरह के कष्ट से घिरा देखा जा सकता है। युवाओं के मन में गो माता के देखभाल का विचार आया। युवा अपने संकल्प से पीछे नहीं हटे और अपने मिशन में लगे रहे। इसका नतीजा यह हुआ कि युवाओ ने कुछ लोगो के जनसहयोग से महज कुछ दिनो में अस्थायी विश्राम गृह शुरू कर दिया।

युवाओ द्वारा नगर में आवारा घूमती गायों को देख उन्हें एक स्थान पर सम्मान के साथ रखने का ख्याल आया। लोगों से कहाकि मेहनत हमारी और सहयोग आपका तो हम गोवंश को रात्री में होने वाली दुर्घटनाओ से संभाल सकते हैं। लगतार छह वर्षो से अन्नपुर्णा नगर के युवाओं द्वारा विश्राम ग्रह का निर्माण किया जा रहा है। प्रदेष के मुख्यमंत्री द्वारा गौमाता के संरक्षण के लिए गतदिनो दिए गए आदेष का छह वर्षो से यह युवा वहीं कार्य कर रहे है जो सराहनीय कदम है। गायो के विश्राम गृह से आमजन को सीधे जोड़ने के लिए युवाओ ने एक घर-एक रोटी का सिद्धांत अपना रखा है। बारिश के समय आवारा रोड पर घुमने वाली गाय सडक पर बैठी रहती है जिसके कारण आए दिन दो पहिया एवं चार पहिया वाहन द्वारा गौवंष को टक्कर मार दी जाती है जिससे उन्हे काफी चोटे आती है। दुर्घटनाओ को देखते हुए युवाओ ने एक अस्थाई व्यवस्था की है जिसका नाम कामधेनु विश्राम गृह रखा गया है। युवाओ का कहना है कि गोशाला खोलने में उनके रहने के साथ खाने की व्यवस्था करनी होती है जिसके लिए काफी राषी चाहिए होती है परन्तु राषि नहीं होने से हमने गौषाला नही खोलते हुए गोमाता की सुरक्षा एवं उनकी देखरेख को लेकर उनके विश्राम के लिए एक निजी प्लाट पर एक टीन सेड का बाडा तैयार किया है। तहसील क्षेत्र से लेकर थाना परिसर तक सडक पर बैठने वाली गोवंश के लिए हमने यह व्यवस्था की है। जिसमें रात्री के समय गायों को रखने के लिए अस्थाई बाड़ा तैयार किया गया है। बारिश एवं रात्री दुर्घटनाओ से गौवंश को बचाने के लिए शाम 7 बजे उन्हे विश्राम करने अन्दर छोड दिया जाता है तथा सुबह 6 बजे गोवंश को चरने के लिए छोड दिया जाता है।

#### गो माता का दर्द देख दुखी हो जाते

युवाओ ने बताया कि जावर नगरीय क्षेत्र है परन्तु यहा एक भी गौशाला नहीं है हम जब भी सडक पर निकलते है तो गो-माता की हालत देखकर बड़ा दुख होता था। गोशाला के लिए काफी राषी चाहिए होती है परन्तु राषि नहीं होने से हमने गौशाला नही खोलते हुए गोमाता की देखरेख को लेकर उनके विश्राम के लिए एक बाडा तैयार किया है। जिसमें वे रात्री एवं बारिष से बचने के लिए विश्राम कर सके।

#### मोहल्लेवासी देते है रोटी, गेहू और आटा

अन्नपूर्णा नगर में अवारा घुमने वाली गौवंश के लिए अस्थाई विश्राम गृह बनाया गया है जहा पर पानी का प्रबंध किया गया है। गो-माता के लिए हरा चारा, भुसा, रोटी, गेंहू, आटा आदि मोहल्लेवासी दे जाते हैं।

#### छह साल से कर रहे व्यवस्था

युवाओ द्वारा नगर में आवारा घूमती गायों को देख उन्हें एक स्थान पर सम्मान के साथ रखने का ख्याल आया। गो विश्राम गृह से युवाओ ने कहाकि हम गोवंश को रात्री में होने वाली दुर्घटनाओ से संभाल सकते हैं। लगतार छह वर्षो से अन्नपुर्णा नगर के युवाओं द्वारा विश्राम ग्रह का निर्माण किया जा रहा है।